जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 113
दिनांक 30.06.2023

कृषक उत्पादक संगठन, मराठवाड़ा द्वारा देश में उत्पादित हल्दी पाउडर निर्यातकों से गुणवत्तायुक्त प्रबंधन में तकनीकी चर्चा

जनेकृविवि के विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत समाधानों को श्री नखाटे व्यवहारिक उपयुक्त एवं अपनाने योग्य बताया

जबलपुर 30 जून, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान द्वारा लगातार किसान हित एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किये जा रहा है। इस दौरान श्री एस. एस. नखाटे, प्रबंध निदेशक, गोदावरी वैली, कृषक उत्पादक संगठन, मराठवाड़ा द्वारा कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान का दौरा किया गया एवं एफ. पी. ओ. समूह द्वारा उत्पादित हल्दी पाउडर की गुणवत्ता प्रबंधन से संबंधित विषय पर तकनीकी विषेषज्ञों से चर्चा की। विषेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत समाधानों को श्री नखाटे व्यवहारिक उपयुक्त एवं अपनाने योग्य बताया। तकनीकी सुधार हेतु सुझाव देने विशेषज्ञ हल्दी प्रसंस्करण संयत्र का दौरा करने पर भी सहमत हुए।

गौरतलब है कि श्री एस. एस. नखाटे, प्रबंध निदेशक, गोदावरी वैली, कृषक उत्पादक संगठन, मराठवाड़ा क्षेत्र के लगभग 35,000 कृषकों का समूह है। यह एफ. पी. ओ. मध्य पूर्व एशिया एवं अफ्रीकी देशों में स्वयं के द्वारा उत्पादित उच्च गुणवत्तायुक्त हल्दी पाउडर का निर्यात करता है। इस एफ. पी. ओ. का वार्षिक व्यवसाय लगभग 500 करोड़ रूपए का है।

चर्चा में आईएबीएम के संचालक डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. हेमंत रहांगडाले, श्रीमति लक्ष्मी सिंह, श्री दीपांशु पटेल, श्री जय कुमार वर्मा उपस्थित थे।